आकाशवाणी शिमला

08.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिमला में आज स्वास्थ्य शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की सीटें बढ़ाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने नए मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों और टांडा मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी को देखते हुए अगले तीन वर्षों के लिए उनकी सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष करने को कहा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति की आयु बढ़ने पर किसी भी स्तर पर पदोन्नति को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 3 हज़ार करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आधुनिक मशीने व उपकरण खरीद रही हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केन्द्र सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि इस पर लगभग 41 हजार 5 सौ 34 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल हो चुकी है और सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश की वित्तीय स्थिति डगमगा गई है। मंडी में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की सुक्खू सरकार हिमाचल में पाकिस्तान मॉडल लागू कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान में गंभीर आर्थिक संकट के कारण कर्मचारियों और अधिकारियों का वेतन डेफर करने का प्रचलन है वही स्थिति आज प्रदेश में पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेश की जनता त्रस्त है।

अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश भर में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और सामान्य आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई ताकि घरों तक सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को विनियमित किया गया है। सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने पीएनजी कनेक्शनों का विस्तार किया है और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया है।

टेनिस प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर शिमला में साउथ एशियन यूथ टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया। 4 दिवसीय इस प्रतियोगिता में पांच देशों भारत, श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश और नेपाल के सौ से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल को पहली बार साउथ एशियन टेबल टेनिस यूथ चैंपियनशिप की मेज़बानी का मौका मिला है जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इस दौरान टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव अदिश राणा ने बताया कि ये प्रतियोगिता 11 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास की आवश्यकता भी बताई।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुए हिमपात और निचले– मैदानी इलाकों में वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को अप्रैल के महीने में भी दिसंबर जैसी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति के ताबो में आज न्यूनतम तापमान शून्य दशमलव एक जबकि कुकुमसेरी में शून्य दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं कल्पा में 3 शिमला में 4 दशमलव 8 और मनाली में 6 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने आज शिमला, मंडी, चंबा, कांगड़ा व कुल्लू जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जबकि लाहौल स्पीति व किन्नौर को छोड़कर अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————